RNINO. DDHIN/ 2021/81605
संघ प्रदेश दमण से प्रकाशित एवं दानह तथा वापी-वलसाड में वितरीत होने वाला एकमात्र हिंदी साप्ताहिक
DARE TO SHARE




# डेयर टू शेयर

www.daremedia.in

दमण से प्रकाशित हिंदी साप्ताहिक
'डेयर टू शेयर' में प्रेस नोट, विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9898109815/8000360011
dare.media24x7@gmail.com

मालिक/प्रकाशक : संध्या चौहान | संपादक : मनोज रावल | उप संपादक : तुषार चौहान | वर्ष : 4 | अंक - संयुक्त अंक 15 और 16 | दमण, गुरूवार 01/11/24 से 14/11/2024 | पृष्ठ : 4 | मुल्य 4 रूपये

**आसमान से गिरा खजूर पे अटका**

# 140 करोड़ से बनने वाला वापी चला ब्रिज बीच में अटका
# वापी चला का ओवर ब्रिज का कार्य अधर ताल में लटका

## डेढ साल में कार्य पूरा करने का था लक्ष्य, घंटो तक रहता है ट्रॉफिक जाम, हादसे होने की संभावनाएं भी बढी

वापी। वापी, दमण एवं सिलवासा को जोडने वाला चला ब्रिज का पहले शुरूआत में बडे ही जोरों से कार्य चला। जोरों से चल रहे कार्य को देख लोगों में यह बात चल रही थी कार्य को पूरा करने का जो लक्ष्य रखा गया है वह इससे भी जल्द बनकर तैयार हो जायेगा।

लेकिन यहां तो बात कुछ और ही साबित हुई। अब यह ब्रिज अपने बनने का इंतजार कर रहा है। ब्रिज का कार्य अधर में लटका पडा हुआ है। अधूरे पडे ब्रिज कार्य की वजह से लोगों को आवाजाही करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। ब्रिज कार्य के आसपास ना तो कहीं कार्य चालू है जैसा बोर्ड लगा है ना ही कहीं ग्रीन सिग्नल दर्शाता हुआ कपडा।

लोगों को घंटो ट्राफिक जाम की समस्या से जुझना पडता है। ओवर ब्रिज के अधूरे कार्य ने सब अस्त-व्यस्त करके रख दिया है।

वहीं हाल में मानसून की दस्तक देने के बाद लोगो की हालत खस्ता हो गई है। दमन और चला से आने वाले जाने वाले लोगो को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है ब्रिज के आस पास की सड़क की स्थिति खराब हो चुकी है। ऐसे में जो सडक गडढ्रो में है या गडढे सडक पर है पता ही नहीं चलता है। दो पहिया वाहन चालक हो या फोर व्हीलर चालक को सभी को घंटो जाम में फंसे रहना पडता है। वहीं दमण में कोई मल्टीस्पेशियिलिस्ट हॉस्पिटल भी नहीं है। इमरजेंसी में लोगों को वापी का भी रूख करना पडता है। ऐसे में एम्बुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसी रहती है जिससे मरीज की जान भी जा सकती है।





### जनता को अच्छी सुविधाएं चाहिए

आम जनता को सडक, बिजली, पानी समेत की बुनियादी सुविधाएं अच्छी चाहिए। आम जनता की सरकार से बुनियादी सुविधाएं अच्छी मिले यही अपेक्षा रहती है। फिर चाहे कार्य करोडों का हो या लाखों का हो कार्य समय-सीमा में पूरा हो जाना चाहिए ताकि लोगों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना ना करना पडे। परंतु 141 करोड से बनने वाले इस ओवर ब्रिज का कार्य अधूरा है डेढ साल का समय गुजारने का है। पर अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### आशा बदली निराशा में

अब इस ओवरब्रिज का कार्य जोरों से शुरू हुआ था तो लोगों में बहुत ही आशाएं जाग गई थी तकि चलो जब ट्राफिक की समस्या से निजात मिलेगा। लेकिन अब यह कार्य अधर में लटक गया तो लोगों में काफी निराशा देखी जा रही है आखिरकार अब कब यह ब्रिज बनकर तैयार होगा। रोल मॉडल तो बहुत ही अच्छा बना था। पर रोल मॉडल ग्राउंड पर उतर नहीं पा रहा है।

### वापी रहवासी

वापी के स्थानीय रहवासी ने बताया कि इस ब्रिज का कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ था कि एक ओर गरनाले वाले ब्रिज ने भी लोगो के लिए तकलीफे बड़ा दी है वापी दमन पता नहीं वलसाड़ में जहां कहा ब्रिज बन रहे थे सब अधर ताल है एक भी कार्य तय सीमा में नहीं हो पाया ओर रोड़ हर 6 महीनों में बनाने के बाद भी साल भर चले ऐसा नहीं बनता। चारों और ट्राफिक जाम रहता है रोड़ के आस पास खोदें गए गटर भी सही तरह बंद नहीं है, चारों ओर कीचड़ है गड्ढों में पूरा वापी शहर है और गड्ढों में मच्छर जिस से बीमारियों बढ़ रही है। नगरपालिका और जो आधिकारी वर्ग है उनको तुरंत सभी बाते ध्यान में लेकर हर कार्य ओर समस्याओं का हल निकलना चाहिए।

# Themis कंपनी में लगी भीषण आग से मची अफरा–तफरी

## वापी जीआईडीसी में Themis कंपनी में आग, 5-6 मजदूर घायल, घटना पर पुलिस और मामलतदार भी पहुंचे







वापी (गुजरात): वापी के जीआईडीसी क्षेत्र स्थित Themis कंपनी में कल अचानक आग लगने से चारों ओर अफरातफरी मच गई। इस हादसे में कंपनी के 5 से 6 मजदूरों के घायल होने की खबर है घायलों के बारे में स्पष्ट तभी हो पाएगा जब अधिकारियों द्वारा इस घटना पर वो प्रेस नोट जाहिर करे, आग लगने के कारण की अब तक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन यह घटना उस वक्त घटी जब कंपनी में भारी संख्या में श्रमिक काम कर रहे थे।

घटना की जानकारी मिलते ही वलसाड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके अलावा, मामलतदार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।





पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि, कंपनी में आग कैसे लगी, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

इस घटना ने जीआईडीसी क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की ओर सवाल उठाए हैं। वापी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में अक्सर इस तरह के हादसे होते हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में कार्रवाई की कमी देखी जाती है। स्थानीय स्तर पर सुरक्षा उपायों और कार्यस्थल पर आग की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

आश्चर्यजनक रूप से, गुजरात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (GPCB) ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जो औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है। ऐसे हादसों की बढ़ती संख्या पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार के हादसों से बचा जा सके।

स्थानीय जनता और श्रमिकों ने सरकारी अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस हादसे की गंभीरता को देखते हुए उचित जांच की जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, सुरक्षा उपायों को कड़ा किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

वापी जीआईडीसी में यह आग एक और संकेत है कि औद्योगिक सुरक्षा में सुधार की सख्त जरूरत है। स्थानीय प्रशासन और गवर्नमेंट एजेंसियों को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# सिलवासा में अनेक परियोजनाओं का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया लोकार्पण





## दादरा नगर हवेली और दमण-दीव अच्छे पर्यटन स्थल हैं, पर्यटन के विस्तार से रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं, अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से मिलना हमें और उदार और संवेदनशील बनाता है

## इस प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर अत्यंत समृद्ध है : मानसून फेस्टीवल और पतंग उत्सव जैसे महोत्सव का आयोजन पर्यटक को बढावा देता है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

सिलवासा 13 नवंबर। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण एवं दीव के दो दिवसीय दौरे के तहत आज सिलवासा में अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सिलवासा आगमन का शुभारंभ सायली में स्थित नमो मेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर के दौरे के साथ हुआ। जहां उन्होंने मेडिकल फेकल्टी और वहाँ के विद्यार्थियों से मुलाकात की। इसके पश्चात झंडा चौक सिलवासा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों द्वारा संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली तथा दमण एवं दीव और लक्षदीप के प्रशासक प्रफुल पटेल और दादरा नगर हवेली की सांसद कला डेलकर की उपस्थिति में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद विद्यामंदिर झंडा चौक का लोकार्पण किया गया।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद विद्यामंदिर झंडा चौक का भ्रमण किया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छोटे बच्चों को चॉकलेट बांटी और वहां कैरमबोर्ड भी खेला और सुंदर विद्यामंदिर के निर्माण पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ स्वामी विवेकानंद विद्यामंदिर झंडा चौक सिलवासा के परिसर में एक जनसभा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रशासक प्रफुल पटेल ने भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को स्मृति चिन्ह भेंट के रूप में शॉल तथा तारपा और वारली पेंटिंग से सम्मानित किया। इसके साथ ही सांसद, जिला पंचायत सदस्यगण, ग्राम पंचायत के सरपंचगण एवं सिलवासा नगरपालिका परिषद के पार्षदों ने भी स्मृति चिन्ह भेंट देकर उनका अभिवादन किया। प्रदेशवासियों ने पूरे उमंग और उत्साह के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने रिमोट से प्रशासक प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में निर्मित फ्लाई ओवर के नीचे, यात्री निवास के पास स्पोर्ट्स एरीना के दूसरे फेज का लोकार्पण किया। स्वामी विवेकानंद विद्यामंदिर झंडा चौक सिलवासा के परिसर में आयोजित जनसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के प्रदेशवासियों ने जिस गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है वह मेरे स्मृति पटल पर सदैव अंकित रहेगा। इस स्वागत-सत्कार के लिए यहां के प्रशासक प्रफुल पटेल तथा सभी निवासियों को धन्यवाद देती हूं। इस क्षेत्र के लोग बहुत परिश्रमी माने जाते हैं।

वे अपने स्नेह-पूर्ण स्वभाव के लिए भी जाने जाते हैं। इस संघ राज्यक्षेत्र के लोगों के योगदान को पहचान कर उन्हें सरकार द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2022 में सामाजिक कार्यों के लिए प्रभाबेन सोभागचंद शाह को पद्म श्री सम्मान दिया गया था। वे महिला सशक्तिकरण के अपने कार्यों के लिए जानी जाती थीं।

पिछले वर्ष कला के क्षेत्र में प्रेमजीत बारिया को पद्म श्री प्रदान किया गया है। वे एक प्रख्यात चित्रकार और शिक्षक हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने पर जोर दिया गया है जिससे शिक्षण और अध्यापन कार्य बेहतर स्तर पर किया जा सके। अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होने से समावेशी और प्रभावी शिक्षा में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रशासक प्रफुल पटेल के कुशल नेतृत्व में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद विद्यामंदिर झण्डा चौक सिलवासा का लोकार्पण करके अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे आशा है कि आधुनिक स्मार्ट क्लास, संगीतज्ञ तथा खेलों की सुविधाओं से युक्त इस स्कूल में बच्चों को आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान की जाएगी। आज मुझे बच्चों और अध्यापकों से मिलने का अवसर मिला जिससे एक नई ऊर्जा मेरे मन में जागृत हुई। भविष्य में ये बच्चे देश के धरोहर होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यहां का प्रशासन उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

इस प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के उच्च स्तर के कॉलेज खोले गए हैं। शिक्षा और व्यापारिक गतिविधियों का मिलन विद्यार्थियों के लिए अच्छे अवसर प्रदान करता है। कल दमण में निफ्ट और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों से मिलकर बहुत हर्ष का अनुभव हुआ। वहां एवियरी का भ्रमण किया, नमो पथ जाना एक सुखद अनुभव था। इस प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर अत्यंत समृद्ध है।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे है, कई विकास कार्य किए जा रहे हैं और कई स्थानों का नवीनीकरण किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मानसून फेस्टीवल और पतंग उत्सव जैसे कई महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटन से रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होता है, प्रशासन यहां के निवासियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत है। इस प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार मिलता है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि वर्ष 2022 में ही इस संघ राज्यक्षेत्र ने देश में सबसे पहले 'हर घर जल' पहुंचाने का लक्ष्य प्राप्त किया था। कोरोना महामारी तथा अन्य चुनौतियों के बावजूद सामूहिक प्रयासों को जारी रखने से यह उपलब्धि हासिल हुई है। मैं आज नमो मेडिकल एजुकेशन एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी गई थी। वर्ष 2019 में इस संस्थान की शुरुआत की गयी थी। इस संस्थान में मेडिकल सीटों को बढ़ाया गया है। श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल में उपलब्ध बेडों की संख्या में भी वृद्धि हुई है तथा उसे और भी बढ़ाया जा रहा है। मेडिकल सुविधाओं के विकास के लिए किए जा रहे ये सभी कार्य सराहनीय हैं।

भारत सरकार द्वारा 15 नवंबर को प्रत्येक वर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जाता है। यह स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के लोगों के योगदान से सभी देशवासियों को अवगत कराने का सराहनीय कदम है। भारत सरकार द्वारा जनजाति समुदाय के विकास के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इस संघ राज्यक्षेत्र में जनजातीय भाई-बहनों की बड़ी आबादी है। मुझे बताया गया है कि जनजातीय समाज के कल्याण और विकास के लिए यहां के प्रशासन द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहे हैं।

खानवेल में आईटीआई की स्थापना की गई है। इससे जनजातीय समाज के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। 'गिर आदर्श आजीविका योजना' के तहत कई जनजातीय बहनों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे डेयरी फॉर्मिंग का विकास हुआ है।

मुझे बताया गया है कि इस संघ राज्यक्षेत्र में माईक्रो, स्माल और मीडियम इंटरप्राइजेज में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है। दादरा नगर हवेली एक्सपोर्ट ओरिएंटेड डिट्रिक्ट में शामिल है। यहां से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में इस संघ राज्यक्षेत्र का कुल निर्यात लगभग 35 हजार करोड़ रुपए का था। इस संघ राज्यक्षेत्र के समग्र विकास के विषय में जानकर मुझे बहुत खुशी होती है।

# बुलेट ट्रेन के कार्य स्थल पर दुर्घटना, पांच मजदूर दबे, तीन की मौत



अहमदाबाद से मुंबई के बीच निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में आणंद जिले के वासद के पास राजपुरा में एक दुर्घटना हो गई।

बुलेट ट्रेन के कार्य स्थल पर कंक्रीट के ब्लॉक के गिरने के चलते उसके नीचे पांच श्रमिक दब गए, इनमें से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। दो घायल हैं, उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों में गोधरा निवासी प्रहलाद बारिया है। कनूभाई सोलंकी (37) और बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी रणजीत सिंह यादव (40) शामिल हैं।

अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत पिछले कुछ वर्षों से महीसागर नदी के पास आणंद तहसील में वासद के पास राजपुरा में कार्य चल रहा है। मंगलवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के कार्य स्थल पर महीसागर ब्रिज पर गर्डर लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक कंक्रीट का मलबा नीचे गिर गया।

इस कंक्रीट के मलबे में पांच मजदूर दब गए।घटना के संबंध में सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक, उपाधीक्षक, वासद पुलिस की टीम और बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी व क्रेन की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया।

इस दौरान कमलेश और एक अन्य मजदूर को पत्थरों के नीचे से निकाला गया और इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया।

इस घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई।

नेशनल हाईस्पीड रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के एक अधिकारी का कहना है कि मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे वडोदरा के पास माही नदी पर बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थल पर वेल फाउंडेशन के काम के लिए इस्तेमाल किया जा रहा स्टील और कंक्रीट ब्लॉक का एक टेम्पररी स्ट्रक्चर अचानक गिर गया। जिससे उसके कंक्रीट ब्लॉक के मलबे में तीन मजदूर दब गए। क्रेन और उत्खनन मशीनों की मदद से बचाव कार्य जारी है।

# गुरुवार को आतंकवाद विरोधी सम्मेलन को संबोधित करेंगे अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2024' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में राष्ट्रीय जांच एजेंसी गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस सम्मेलन में एकीकृत, संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के माध्यम से आतंकवाद से निपटने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को बढ़ावा देने पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य की आतंकवाद विरोधी नीतियों और रणनीतियों को आकार देना है। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाकर इस बुराई को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

एनआईए द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, कानून, फोरेंसिक और प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञ आतंकवाद से निपटने के लिए कानूनी ढांचे, अभियोजन चुनौतियों और उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएंगे। चर्चाओं में भारत भर में सक्रिय आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

गृह मंत्रालय ने कहा कि आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 का मुख्य फोकस 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना है। बैठक का उद्देश्य भविष्य की नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करना भी है। दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर विचार-विमर्श और चर्चाएं केंद्रित होंगी। जिनमें आतंकवाद-रोधी जांच में अभियोजन और कानूनी ढांचा विकसित करना, अनुभवों और अच्छे तरीकों को साझा करना, उभरती प्रौद्योगिकियों से संबंधित चुनौतियां और अवसर, अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग और भारत भर में विभिन्न आतंकवाद-रोधी थिएटरों में आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की रणनीतियां शामिल हैं।

इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, आतंकवाद से निपटने से संबंधित मुद्दों से निपटने वाली केंद्रीय एजेंसियों और विभागों के अधिकारी तथा कानून, फोरेंसिक और प्रौद्योगिकी जैसे संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। गृह मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों में परिचालन बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों तथा आतंकवाद से निपटने में लगी एजेंसियों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न खतरों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

# अहमदाबाद में शुरू हुआ गुजरात का सबसे बड़ा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, हर घंटे 15 मेगावॉट बिजली बनेगी




गुजरात का सबसे बड़ा वेस्ट टू एनर्जी (कूड़े से बिजली बनाने वाले) प्लांट का अहमदाबाद शहर में शुभारंभ हुआ।केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शहर के पीपलज इलाके में राज्य के सबसे बड़े वेस्ट टू एनर्जी प्लांट शुभारंभ किया। इस प्लांट में हर दिन एक हजार टन कूड़े के निपटारे की क्षमता है। इस प्लांट में हर घंटे 15 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। प्लांट के लोकार्पण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, महापौर प्रतिभा जैन, सांसद नरहरि अमीन समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

ऐसे में यह प्लांट दोहरा लाभ देने वाला है। एक तो कूड़े के जमा होने के चलते बनने वाले पहाड़ को यह नहीं बनने देगा वहीं दूसरी ओर बिजली का उत्पादन भी करेगा।अहमदाबाद के पीपलज में इस प्लांट को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) से तैयार किया गया है। इसका लोकार्पण होने के साथ ही शुक्रवार से यह कार्यरत भी हो गया है।

अहमदाबाद महानगरपालिका की ओर से शहर में एकत्र किए जाने वाले हजारों टन कूड़े के निराकरण में यह प्लांट काफी सहायक सिद्ध होगा। कूड़े को कलेक्ट कर पिराणा में डंप किया जाता है। मनपा ने इस कूड़े का निराकरण का रास्ता पीपीपी स्तर पर भी करने का निर्णय किया है। इससे शहर स्वच्छ तो बनेगा ही साथ ही बिजली भी उत्पन्न होगी। जिससे पर्यावरण को बनाए रखने की दिशा में योगदान मिलेगा।

पीपलज में लगभग 375 करोड़ रुपए के खर्च से तैयार प्लांट में कूड़े का निराकरण करते समय आरडीएफ बेस मार्टिन रिवर्स ग्रेट फायरिंग टेक्नोलॉजी की मदद ली जाएगी। उस दौरान बॉयलर में स्टीम (भाप) जनरेट होगी। इस भाप से टर्बाइन के जरिए 15 मेगावॉट बिजली प्रति घंटे उत्पन्न होगी। इसे पॉवरग्रिड में सप्लाई भी किया जा सकेगा।

# अमेरिका में फिर से 'ट्रंप सरकार'...बहुमत मिलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप का संबोधन




डोनाल्ड ट्रंप ने इलेक्टोरल वोट्स में जीत के बाद पहली बार अमेरिका की जनता को संबोधित किया। उन्होंने फ्लोरिडा में आयोजित कार्यक्रम में अमेरिकावासियों को धन्यवाद दिया।


अमेरिका में अब फिर से ट्रंप सरकार बनेगी। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने इलेक्टोरल वोट के 270 के बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। जबकि कमला हैरिस दोपहर डेढ़ बजे तक 226 वोटों पर ही बनीं रहीं, इधर ट्रंप 277 पर पहुंच गए। जैसे ही अमेरिकन मीडिया ने ट्रंप के बहुमत पार करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की जीत का ऐलान किया वैसे ही अमेरिका सहित पूरी दुनिया में ट्रंप समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।


वोटिंग के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव (US Presidential Elections 2024) के रूझान बहुमत मिलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा (Florida) में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर अमेरिका की जनता को इस शानदार जीत के लिए धन्यवाद दिया ।



Well Wisher
HAPPY
Diwali



MANGALAM
Mangalam Drugs & Organics Ltd.
HAPPY DIWALI
May the festival of lights illuminate your life with new hopes and endless blessings


hubergroup
Shubh
Deepavali
May the gentle lights of this festival, gift you prosperity and happiness.
Hubergroup India Private Limited
T +91 260 7158000
E info.in@hubergroup.com
www.hubergroup.com




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः संध्या चौहान द्वारा 15,78, सी-6-2, खारीवाड नानी दमण (दमण एवं दीव) से प्रकाशित तथा ताप्तीलोक पब्लिकेशन, 152,153, श्री राम इंडस्ट्रीयल इस्टेट, मोजे भेडवार, पांडेसरा, सूरत से मुद्रित। संपादक : मनोज रावल, मोबाइल नं. 8000360011 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दमण होगा।